SBI card

25 YEARS
MAKING LIFE SIMPLE

March 21, 2024

**The BSE Limited**
Corporate Relationship Department
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400 001

SCRIP CODE: **543066**

SECURITY: **Equity Shares/Debentures**

**The National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex.
Bandra (E), Mumbai - 400 051

SYMBOL: **SBICARD**

SECURITY: **Equity Shares**

Dear Sirs,

**Re: Disclosure under Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 - Newspaper Advertisements - Notice of Postal Ballot (including Remote E-voting)**

In continuation of our letter dated March 20, 2024, please find enclosed the copies of newspaper advertisements published in 'Business Standard' - all editions (English and Hindi) on March 21, 2024 with respect to completion of dispatch of Notice of Postal Ballot (including Remote E-voting) to the Members.

The advertisements may also be accessed on the website of the Company at www.sbicard.com.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,

**For SBI Cards and Payment Services Limited**

PAYAL MITTAL CHHABRA
Digitally signed by PAYAL MITTAL CHHABRA
Date: 2024.03.21 12:50:56 +05'30'

**Payal Mittal Chhabra**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Date of Event: - March 21, 2024; Time: NA**

SERVICE FEE ON APPS

# CCI refuses to pass interim order restricting Google

ASHUTOSH MISHRA
New Delhi, 20 March

PHOTO: REUTERS



The antitrust body said it is essential to recognise the costs and responsibilities of maintaining and operating app stores

The Competition Commission of India (CCI) on Wednesday declined an interim relief order that would restrain Google from levying service fees on app developers until a final decision is made by the regulator.

The CCI also said the Director General (DG) would continue its investigation as ordered by the commission in its March 15 order.

"The Commission is of the considered opinion that no case whatsoever has been made out by the informants which warrant the grant of interim relief. Resultantly, the applications stand dismissed," said the CCI while rejecting the plea by app developers in its order. "The DG shall investigate without being swayed in any manner whatsoever by the observations made herein," the order reads.

The regulator in its order said that while there might be concerns about the fairness of Google's fee structure, it was essential to recognise the costs and responsibilities associated with maintaining and operating app stores. Google had argued that restricting it from charging a fee in the interim would virtually mean that the tech giant would have to provide its Playstore for free to developers in India.

"No other court or regulator has passed a similar relief despite repeated requests. This recognises that Google cannot provide its platform without any consideration, especially when developers continue to charge their users for digital in-app purchases and enjoy the services of Play," said the CCI in its order.

The plea was submitted by People Interactive India, which has brands such as Shaadi.com, and Sangam.com, and Mebigo Labs Pvt Ltd that owns the brand Kuku FM along with the Indian Broadcasting and Digital Foundation (IBDF) and the Indian Digital Media Industry Foundation (IDMIF).

"I think the more important news is the CCI's earlier order which has ordered an investigation to be completed in 60 days. Getting an interim order would have provided immediate relief to struggling startups but nothing really changes from a longer-term perspective. We remain confident about our case against large tech companies attempting to extract rent from India through extreme monopolistic practices." said Anupam Mittal, Founder & CEO, People Group.

# AI leadership should remain in Indian hands, says Modi

ARYAMAN GUPTA
New Delhi, 20 March

India will lead the world in artificial intelligence (AI) capabilities, Prime Minister Narendra Modi said on Wednesday, asserting that the AI leadership should remain in Indian hands.

Addressing the Startup Mahakumbh event, the prime minister lauded the country's startup ecosystem and encouraged entrepreneurs to create Indian solutions for global applications.

"We are in a new era of AI technology, and the world acknowledges that India will have an upper hand in AI. It is now our priority to ensure that we do not let go of this opportunity," he said.

Modi said initiatives like the National Quantum Mission, India AI Mission, and the India Semiconductor Mission will create numerous opportunities for young innovators and global investors.

"The leadership of AI capabilities will and should remain in the hands of India... I am confident that the spirit of 'Indian solutions for global applications' will be a force... solutions by Indian innovators will solve problems for many countries," he said. The prime minister said he was making use of AI technology for the election campaign and sharing his statements in Tamil, Telugu and other languages.



PM Narendra Modi said the startup revolution is being led by youth from Tier-II and Tier-III cities PHOTO: PTI

Vowing to make India the world's third largest economy in his third term, Modi said the startups will play a big role in India's progress.

"India is the third largest startup ecosystem with 125,000 registered startups, employing about 1.2 million youth. We have more than 110 unicorns. Our startups have filed about 12,000 patents," he said, adding that a better mechanism for funding startups was currently in the works.

The prime minister said the startup revolution was being led by youth from Tier-II and Tier-III cities in a wide range of sectors including agriculture, textiles, medicine, transport, space, yoga and Ayurveda. The Indian youth are choosing to become "job creators" rather than "job seekers," he said.

He underlined the role of the National Research Foundation and a ₹1 trillion fund for research and innovation via the interim Budget to address future needs in the sunrise sector areas. Emphasising the country's roadmap for becoming Viksit Bharat by 2047, he acknowledged the presence of investors, incubators, academicians, researchers, industry members, and present and future entrepreneurs.

"This is indeed a Mahakumbh in its truest form, creating an unprecedented energy and vibe... Any Indian visiting the Start-up Mahakumbh will witness the unicorns and decacorns of the future," Modi said.

More than 45 per cent of startups in the country are women-led, be it in education, agriculture or health, Modi said.

# YouTube to ask creators to disclose 'altered' videos

YouTube, along with its parent company Google and Meta, has joined the ranks of internet platforms taking steps to combat Artificial Intelligence (AI)-driven content manipulation.



The platform has introduced a new tool which mandates creators to disclose to users if a piece of content is generated using synthetic media or with the help of generative AI. The idea is to enhance transparency for users.

"We're introducing a new tool in Creator Studio requiring creators to disclose to viewers when realistic content – content a viewer could easily mistake for a real person, place, scene, or event – is made with altered or synthetic media, including generative AI," said YouTube in a blog post.

Once implemented, a label tagging video as 'altered or synthetic media' will appear in the video description or as a small overlay in the video player, said the firm.

The platform, however, won't require creators to disclose content that is 'clearly' unrealistic, animated, includes special effects, or has used generative AI for production assistance.

ASHUTOSH MISHRA

# Hinduja human trafficking trial to proceed in June

The trial of four members of the billionaire Hinduja family charged with human trafficking over the mistreatment of their domestic staff will proceed in June after judges rejected arguments from their lawyers that the Swiss indictment against them was flawed.

Applications made by lawyers representing Ajay Hinduja, his wife Namrata, his father Prakash, and mother Kamal which were intended to stop or delay the trial from proceeding were rebuffed by presiding Judge Sabina Mascotto on Wednesday in Geneva. She dismissed several arguments that the defense lacked fair access to troves of evidence on phones and court systems. An attempt to argue the indictment was incomplete and lacking in specific detail was also rejected. BLOOMBERG




SBI card

## SBI CARDS AND PAYMENT SERVICES LIMITED

**CIN:** L65999DL1998PLC093849; **Website:** www.sbicard.com;
**E-mail ID:** investor.relations@sbicard.com

**Registered Office:** Unit 401 & 402, 4th Floor, Aggarwal Millennium Tower E-1,2,3, Netaji Subhash Place, Wazirpur, New Delhi 110 034, India; **Phone:** +91 (11) 6126 8100

**Corporate Office:** 2nd Floor, Tower-B, Infinity Towers, DLF Cyber City, Block 2 Building 3, DLF Phase 2, Gurugram, Haryana 122 002, India; **Phone:** +91 (124) 458 9803

### NOTICE OF POSTAL BALLOT TO MEMBERS AND PROCESS OF REGISTRATION OF THEIR E-MAIL ADDRESSES

The Members of SBI Cards and Payment Services Limited ("the Company") are hereby informed that pursuant to Section 110 of the Companies Act 2013 ("the Act") read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and in terms of the General Circular No.14/2020 dated April 8, 2020; General Circular No. 17/2020 dated April 13, 2020; General Circular No. 22/2020 dated June 15, 2020; General Circular No. 33/2020 dated September 28, 2020; General Circular No. 39/2020 dated December 31, 2020; General Circular No. 10/2021 dated June 23, 2021; General Circular No. 20/2021 dated December 8, 2021; General Circular No. 3/2022 dated May 5, 2022; General Circular No. 11/2022 dated December 28, 2022 and General Circular No. 9/2023 dated September 25, 2023 issued by the Ministry of Corporate Affairs (the "MCA Circulars"), the Company, for obtaining the approval of the shareholders by voting through electronic mode ("e-voting/remote e-voting") in respect of the business(es) mentioned in the Postal Ballot Notice dated March 19, 2024, has dispatched the said Postal Ballot notice on March 20, 2024 by e-mail only, to all the Members/Beneficiaries whose names appears in the Register of Members/Record of Depositories as on the cut-off date i.e. Friday, March 15, 2024 and whose e-mail addresses are registered with Company/Depository Participant(s)/Depositories/the Registrar & Transfer Agent of the Company.

The Notice of Postal Ballot alongwith the instructions for voting is also available on the Company's website at www.sbicard.com and the website of National Securities Depository Limited (NSDL) i.e. www.evoting.nsdl.com and at the relevant sections of the websites of the stock exchanges on which the shares of the Company are listed i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com. The shareholders who have not received the said Notice may download the same from the above-mentioned websites.

In accordance with the MCA Circulars, physical copy of the Postal Ballot Notice along with Postal Ballot Forms and pre-paid business reply envelope has not been sent to the shareholders for this Postal Ballot and the shareholders are required to communicate their assent or dissent through the remote e-voting system only.

As required, the Company is pleased to offer e-voting facility to all its Members, to enable them to cast their votes electronically.

The Company has appointed National Securities Depository Limited (NSDL) for facilitating e-voting to enable the members to cast their votes electronically. Voting Rights shall be reckoned on the paid-up value of shares registered in the name of the Member(s) as on the cut-off date and any person who is not a member as on that date should treat the Postal Ballot Notice for information purposes only.

The facility to exercise vote on postal ballot by e-voting, will be available for the following period:

Commencement of voting : Thursday, March 21, 2024 (10.00 A.M. IST)
End of voting : Friday, April 19, 2024 (5.00 P.M. IST)

During this period, members of the Company holding equity shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date i.e., Friday, March 15, 2024 may cast their vote electronically. E-voting shall not be allowed after 5.00 P.M. on Friday, April 19, 2024. The e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter.

The Board of Directors has appointed Mr. Vineet K Chaudhary (Certificate of Practice no. 4548) Managing Partner of M/s VKC & Associates, Company Secretaries, or failing him Mr. Mohit K. Dixit (Certificate of Practice no. 17827), Partner of M/s VKC & Associates, Company Secretaries, as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot process in a fair and transparent manner.

The results of the Postal Ballot/E-voting will be declared within two working days from the conclusion of remote e-voting. The results declared along with the Scrutinizer's Report shall be placed on the website of the Company at www.sbicard.com and on the website of NSDL i.e. www.evoting.nsdl.com and communicated to BSE Ltd. (www.bseindia.com) and National Stock Exchange of India Ltd. (www.nseindia.com).

To enable participation in the remote e-voting process by those shareholders, to whom Postal Ballot Notice could not be sent due to non-availability of valid e-mail address, the Company has made appropriate arrangements with its Registrar & Share Transfer Agent for registration of e-mail addresses in terms of the above-mentioned Circulars.

The process for registration of e-mail addresses and other details is as under:

i) **For Temporary Registration:**

Pursuant to relevant circulars the shareholders who have not registered their e-mail address and in consequence the notice could not be serviced may temporarily get their e-mail address registered with the Company's Registrar and Share Transfer Agent, Link Intime India Pvt. Ltd. through the link: https://liiplweb.linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html and follow the registration process as guided thereafter. Post successful registration of the e-mail, the shareholder would receive soft copy of the Notice of Postal Ballot and the procedure for e-voting along with the User ID and Password to enable e-voting from NSDL. In case of any queries relating to the registration of e-mail address, shareholder may write to rnt.helpdesk@linkintime.co.in and for e-voting related queries you may write to NSDL at evoting@nsdl.com.

ii) **For Permanent Registration:**

It is clarified that for permanent registration of e-mail address, the Members are requested to register their e-mail address:

i. in respect of demat holdings with the respective Depository Participant (DP) by following the procedure prescribed by the Depository Participant.

ii. in respect of physical holding with Company's Registrar and Transfer Agents i.e. Link Intime India Pvt Ltd. by sending a request in the prescribed form.

iii) **Registration of Bank Details:**

Please Contact your Depository Participant (DP) and register your e-mail address and Bank account details in your demat account, as per the process advised by your DP. In case of physical holding, please contact the RTA of the Company i.e. Link Intime India Pvt Ltd.

In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for shareholders and e-voting user manual for shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on : 022 - 4886 7000 or send a request at evoting@nsdl.com or contact Ms. Pallavi Mhatre, Senior Manager, National Securities Depository Limited, Trade World, 'A' Wing, 4th Floor, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai – 400 013, at the e-mail id – evoting@nsdl.com.

**For SBI Cards and Payment Services Limited**

**Payal Mittal Chhabra**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Date: March 20, 2024
Place: Gurugram

# 'एआईः भारत के हाथों में हो कमान'

आर्यमन गुप्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दुनिया में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी क्षमताओं का नेतृत्व भारत करेगा और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एआई का नेतृत्व भारतीय हाथों में ही रहना चाहिए। 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के स्टार्टअप तंत्र की सराहना की और उद्यमियों को वैश्विक प्रयोग के लिए भारतीय समाधान तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, 'हम एआई तकनीक के नए दौर में हैं और दुनिया इस बात को स्वीकार करती है कि एआई में भारत मजबूत रहेगा। अब हमारी प्राथमिकता यह है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हम इस मौके को हाथ से न जाने दें।'

उन्होंने नैशनल क्वांटम मिशन, इंडिया एआई मिशन और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन जैसी पहलों का जिक्र करते हुए कहा इससे युवा नवाचारकों और वैश्विक निवेशकों के लिए समान रूप से कई मौके तैयार होंगे। मोदी ने कहा, 'एआई क्षमता का नेतृत्व भारत के हाथों में ही होगा और यह भारत के पास ही रहना चाहिए। मुझे पूरा भरोसा है कि वैश्विक ऐप्लिकेशन के लिए भारतीय समाधान ही एक प्रमुख कारक है और भारतीय नवाचार के बदौलत कई देशों की समस्याओं का समाधान होगा।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अपने चुनाव अभियान के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं और तमिलनाडु, तेलुगू और अन्य भाषाओं में अपने बयान साझा कर रहे हैं। मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई और कहा कि भारत की प्रगति में स्टार्टअप एक बड़ी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप की फंडिंग के लिए बेहतर प्रणाली तैयार करने की कोशिश जारी है।



### एआई से स्थानीय भाषा में बातचीत

- मोदी चुनाव अभियान के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं और तमिलनाडु, तेलुगू व अन्य भाषाओं में अपने बयान साझा कर रहे हैं
- भारत स्टार्टअप का तीसरा सबसे बड़ा तंत्र है और यहां करीब 1.25 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं

उन्होंने कहा, 'भारत स्टार्टअप का तीसरा सबसे बड़ा तंत्र है और यहां करीब 1.25 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं और इनमें करीब 12 लाख युवाओं को नौकरी मिली हुई है। हमारे यहां 110 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। हमारी स्टार्टअप ने करीब 12,000 पेटेंट दाखिल किए हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप क्रांति दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों के युवाओं के द्वारा की जा रही है और इनमें कृषि, वस्त्र, दवा, परिवहन, अंतरिक्ष, योग और आयुर्वेद जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा अब 'नौकरी तलाशने' के बजाय 'नौकरी देने वाला' बन रहे हैं। उन्होंने नैशनल रिसर्च फाउंडेशन और शोध तथा नवाचार के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के फंड का जिक्र किया और भविष्य में उभरते क्षेत्रों की भविष्य की जरूरतों का समाधान करने की बात की।

मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ के महत्त्व पर जोर देते हुए कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने इसके लिए निवेशकों, अकादमिक जगत के लोगों, शोधकर्ताओं, उद्योग के सदस्यों और वर्तमान तथा भविष्य के उद्यमियों की मौजूदगी की अहमियत स्वीकार की।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह वास्तव में एक महाकुंभ है जिसमें अप्रत्याशित ऊर्जा देखी जा रही है। कोई भी भारतीय जो स्टार्टअप महाकुंभ को देख रहे हैं वे भविष्य के यूनिकॉर्न (1 अरब डॉलर से अधिक वैल्यू वाले स्टार्टअप) और डेकाकॉर्न (10 अरब डॉलर से अधिक वैल्यू वाली स्टार्टअप) देखेंगे।' देश में 45 फीसदी से अधिक स्टार्टअप महिलाओं के नेतृत्व में चलाई जाती हैं चाहे वह शिक्षा, कृषि क्षेत्र या स्वास्थ्य क्षेत्र हो। उन्होंने इस बात को भी मजबूती से उठाया कि वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) स्टार्टअप के समर्थन के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) एक प्रमुख स्तंभ है और इससे देश में डिजिटल सेवाओं के विस्तार के लिए नए उत्पाद एवं सेवाओं का विकास होगा। उन्होंने कहा, 'भारत ने तकनीक के इस्तेमाल का लोकतंत्रीकरण किया है और हम अब इस पर चर्चा करने या न करने जैसे विमर्शों से ऊपर उठ चुके हैं।' प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप और उद्योग के हितधारकों को समाज में योगदान देने का सुझाव देते हुए कहा कि वे इन्क्यूबेशन सेंटर, स्कूल और कॉलेज जाएं और छात्रों के साथ अपने अनुभवों को साझा करें। मोदी ने कारोबार और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को भी इसका अनुसरण करने के लिए कहा। इस तीन दिवसीय इवेंट की शुरुआत 18 मार्च को हुई और इसका आयोजन औद्योगिक संस्थाओं जैसे कि एसोचैम, नैसकॉम, बूटस्ट्रैप इन्क्यूबेशन ऐंड एडवाइजरी फाउंडेशन, टीआईई और इंडियन वेंचर ऐंड ऑल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन (आईवीसीए) ने किया।

# आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**देश** के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उन 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो गई, जहां 19 अप्रैल को लोक सभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा।

राष्ट्रपति की तरफ से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। हालांकि बिहार में पहले चरण में जिन चार लोक सभा सीट के लिए मतदान होना है, उनके लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख एक त्योहार की वजह से बढ़ाकर 28 मार्च की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। हालांकि, बिहार के लिए यह तारीख 30 मार्च होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 30 मार्च है जबकि बिहार के लिए यह 2 अप्रैल है। अठारहवीं लोक सभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होंगे और उसके बाद 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। **भाषा**



### मुफ्त सौगातों के वादे पर सुनवाई करेगा न्यायालय

**उच्चतम** न्यायालय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सौगातों और सुविधाओं का वादा करने के चलन के खिलाफ एक जनहित याचिका को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोक सभा चुनाव से पहले यह महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# आय असमानता 100 साल के उच्च स्तर पर

अनुष्का साहनी

**भारत** के सबसे अमीर लोगों के पास राष्ट्रीय आय की बड़ी हिस्सेदारी है। यह एक सदी से भी अधिक समय की तुलना में सर्वाधिक है। वर्ल्ड इनिक्वॉलिटी लैब के अध्ययन से पता चलता है कि शीर्ष 1 फीसदी भारतीयों के पास देश की कुल आय का करीब 22.6 फीसदी हिस्सा है जबकि नीचे की कुल 50 फीसदी आबादी के पास महज 15 फीसदी हिस्सा है।

'इनकम ऐंड वेल्थ इनिक्वॉलिटी इन इंडिया 1992-2023: राइज ऑफ द बिलियनेयर राज' में कहा गया है कि आय असमानता अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई के करीब है। इसमें कहा गया है कि लोगों के पास मौजूदा संपदा में भी असमानता है।

18 मार्च को जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2023 में शीर्ष 1 फीसदी लोगों के पास राष्ट्रीय संपदा का 39.5 फीसदी हिस्सा था जबकि देश की निचली 50 फीसदी आबादी के पास सिर्फ 6.5 फीसदी संपदा थी। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री नितिन कुमार भारती, हार्वर्ड केनेडी स्कूल के लुकास चांसल और पेरिस स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के थॉमस पिकेट्टी तथा अनमोल सोमांची द्वारा तैयार अध्ययन में कहा गया है, 'साल 2022-23 में भारत में राष्ट्रीय आय का 22.6 फीसदी हिस्सा सिर्फ शीर्ष 1 फीसदी लोगों के पास था। यह

- ब्रिटिश औपनिवेशिक राज की तुलना में भी देश अभी ज्यादा असमान
- करोड़पतियों पर सुपर टैक्स लागू करना कारगर फैसला हो सकता है

1922 के बाद से उच्चतम स्तर है और उस वक्त के ब्रिटिश औपनिवेशिक राज से भी अधिक है।' संपदा असमानता का आंकड़ा 1961 से उपलब्ध है और तब से ही ऐसी असमानता दिख रही है। दो दशक पहले देश के शीर्ष 1 फीसदी लोगों के पास 25.4 फीसदी संपदा थी और निचली 50 फीसदी आबादी के पास सिर्फ6.9 फीसदी संपदा थी।

दुनिया भर में देखें तो शीर्ष 1 फीसदी लोगों के पास उनकी राष्ट्रीय संपदा की बहुलांश हिस्सेदारी थी। साल 2022-23 के आंकड़े दर्शाते हैं कि दक्षिण अफ्रीका (54.9 फीसदी) और ब्राजील (48.7 फीसदी) में यह सबसे अधिक था। कम हिस्सेदारी वाले प्रमुख देशों में अमेरिका (34.9 फीसदी), चीन (32.6 फीसदी), फ्रांस (24 फीसदी) और ब्रिटेन में (21.1 फीसदी) है। अध्ययन में कहा गया है, 'शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए रकम जुटाने के मकसद से भारतीय अरबपतियों और करोड़पतियों पर सुपर टैक्स लागू करना कारगर फैसला हो सकता है।'




SBI card

**एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड**

**सीआईएन:** L65999DL1998PLC093849, **वेबसाइट:** www.sbicard.com

**ईमेल आईडी:** investor.relations@sbicard.com

**पंजीकृत कार्यालय:** यूनिट 401 और 402, चौथा तल, अग्रवाल मिलेनियम टावर, ई-1,2,3, नेताजी सुभाष प्लेस, वज़ीरपुर, नई दिल्ली 110 034, भारत; **फ़ोन:** +91 (11) 6126 8100

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** दूसरा तल, टावर-बी, इन्फ़िनिटी टॉवर्स, डीएलएफ़ साइबर सिटी, ब्लॉक 2 बिल्डिंग 3, डीएलएफ़ फ़ेज़ 2, गुरुग्राम, हरियाणा 122 002, भारत; **फ़ोन:** +91 (124) 458 9803

## सदस्यों को डाक मतपत्र की सूचना और उनकी ईमेल आईडी के पंजीकरण की प्रक्रिया

एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के अनुसार एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र नं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020; सामान्य परिपत्र नं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020; सामान्य परिपत्र नं. 22/2020 दिनांक 15 जून 2020; सामान्य परिपत्र नं. 33/2020 दिनांक 28 सितंबर 2020; सामान्य परिपत्र नं. 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर 2020; सामान्य परिपत्र नं. 10/2021 दिनांक 23 जून 2021; सामान्य परिपत्र नं. 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर 2021; सामान्य परिपत्र नं. 3/2022 दिनांक 5 मई 2022; सामान्य परिपत्र नं. 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022 और सामान्य परिपत्र नं. 9/2023 दिनांक 25 सितंबर 2023 ("एमसीए परिपत्र") के अनुसार कंपनी ने दिनांक 19 मार्च 2024 की डाक मतपत्र सूचना में उल्लिखित व्यवसाय (व्यवसायों) के संबंध में शेयरधारकों की स्वीकृति इलेक्ट्रॉनिक मोड में मतदान ("ई-मतदान/रिमोट ई-मतदान") के ज़रिए प्राप्त करने हेतु उक्त डाक मतपत्र सूचना 20 मार्च 2024 को ईमेल द्वारा उन सभी सदस्यों/हितधारकों को भेज दी है, जिनके नाम निर्धारित तिथि यानी शुक्रवार, 15 मार्च 2024 को सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉज़िटरीज़ के रिकॉर्ड में अंकित हैं और जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट(पार्टिसिपेंट्स)/डिपॉज़िटरीज़/कंपनी रजिस्ट्रार और ट्रांसफ़र एजेंट के पास पंजीकृत हैं।

डाक मतपत्र की सूचना और मतदान के निर्देश, कंपनी की वेबसाइट www.sbicard.com पर और नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट यानी www.evoting.nsdl.com पर और उन स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों के संगत अनुभागों पर भी उपलब्ध हैं जिन पर कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, जैसे कि www.bseindia.com और www.nseindia.com। जिन शेयरधारकों को उक्त सूचना प्राप्त नहीं हुई है वे इसे उपर्युक्त वेबसाइटों से डाउनलोड कर सकते हैं।

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, डाक मतपत्र सूचना की भौतिक कॉपी, डाक मतपत्र फ़ॉर्म और पहले से चुकता-शुल्क वाले व्यावसायिक जवाब लिफ़ाफे, शेयरधारकों को इस डाक मतदान के लिए नहीं भेजे गए हैं और शेयरधारकों को उनकी सहमति या असहमति केवल रिमोट ई- मतदान प्रणाली के ज़रिए ही देनी होगी।

जैसा कि आवश्यक है, कंपनी सभी सदस्यों को ई-मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है ताकि वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकें।

कंपनी ने ई-मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को नियुक्त किया है ताकि सदस्यों को उनके वोट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डालने की सुविधा दी जा सके। मतदान के अधिकार का निर्धारण, तय निर्धारित तिथि पर सदस्य (सदस्यों) के नाम पर पंजीकृत शेयरों के चुकता मूल्य पर किया जाएगा और ऐसा कोई भी व्यक्ति जो कि उस निर्धारित तिथि को सदस्य नहीं है, वो डाक मतपत्र की सूचना को केवल जानकारी हेतु माने।

ई-मतदान द्वारा डाक मतपत्र पर मतदान की सुविधा निम्नलिखित अवधि के लिए उपलब्ध होगी:

मतदान का आरंभ : गुरुवार, 21 मार्च 2024 (प्रातः 10:00 बजे भारतीय समयानुसार)

मतदान की समाप्ति : शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 (शाम 5:00 बजे भारतीय समयानुसार)

इस अवधि के दौरान, कंपनी के ऐसे सदस्य जो तय निर्धारित तिथि पर यानी शुक्रवार, 15 मार्च 2024 को भौतिक स्वरूप में या डीमटेरियलाइज़ स्वरूप में इक्विटी शेयर के धारक हैं, वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकते हैं। ई-मतदान की अनुमति शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 को शाम 5:00 बजे के बाद नहीं होगी। इसके बाद एनएसडीएल द्वारा ई-मतदान प्रणाली को मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

निदेशक मंडल ने डाक मतपत्र प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए मेसर्स वीकेसी एंड एसोसिएट्स, कंपनी सेक्रेटरीज़, के प्रबंधन साझेदार श्री विनीत के. चौधरी (प्रैक्टिस प्रमाणपत्र नं. 4548) या उनकी अनुपस्थिति में, मेसर्स वीकेसी एंड एसोसिएट्स, कंपनी सेक्रेटरीज़, के साझेदार श्री मोहित के. दीक्षित (प्रैक्टिस प्रमाणपत्र नं. 17827) को संवीक्षक के तौर पर नियुक्त किया है।

डाक मतपत्र/ई-मतदान के परिणाम, रिमोट ई-मतदान समाप्त होने के दो कार्य दिवस के अंदर घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट www.sbicard.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट यानी www.evoting.nsdl.com पर प्रदर्शित किए जाएंगे और उनकी सूचना बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) को दी जाएगी।

उन शेयरधारकों द्वारा रिमोट ई-मतदान प्रक्रिया में भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए, जिन्हें मान्य ईमेल आईडी की अनुपलब्धता की वजह से डाक मतपत्र सूचना नहीं भेजी जा सकी है, कंपनी ने अपने रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफ़र एजेंट के साथ ऊपर उल्लिखित परिपत्रों के अनुरूप ईमेल आईडी के पंजीकरण के लिए उपयुक्त व्यवस्थाएं की हैं।

ईमेल आईडी और अन्य विवरण के पंजीकरण की प्रक्रिया निम्नलिखित है:

i) **अस्थायी पंजीकरण के लिए:**

संगत परिपत्रों के अनुसार जिन शेयरधारकों ने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं किए हैं और परिणामस्वरूप उन्हें डाक मतपत्र की सूचना नहीं भेजी जा सकी है, वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफ़र एजेंट, लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा नीचे दिए गए लिंक पर जाकर: https://liiplweb.linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html एवं बताई गई पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करके अपनी ईमेल आईडी का अस्थायी पंजीकरण करवा सकते हैं।

ईमेल सफलतापूर्वक पंजीकृत हो जाने के बाद, शेयरधारक को एनएसडीएल की ओर से डाक मतपत्र सूचना की सॉफ़्ट कॉपी और ई-मतदान करने के लिए उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के साथ-साथ ई-मतदान की प्रक्रिया प्राप्त होगी। ईमेल आईडी के पंजीकरण से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए शेयरधारक rnt.helpdesk@linkintime.co.in पर लिख सकते हैं और ई-मतदान से संबंधित प्रश्नों के लिए एनएसडीएल को evoting@nsdl.com पर लिख सकते हैं।

ii) **स्थायी रजिस्ट्रेशन के लिए:**

स्पष्ट किया जाता है कि स्थायी पंजीकरण के लिए सदस्य कृपया अपनी ईमेल आईडी का पंजीकरण:

i. डीमैट होल्डिंग के संबंध में, डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट द्वारा निर्देशित प्रक्रिया का पालन करके संबंधित डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट के साथ करें।
ii. भौतिक होल्डिंग के संबंध में, कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफ़र एजेंट (आरटीए), लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, को अपना आवेदन इस हेतु बनाये गए प्रपत्र के ज़रिये भेजें।

ii) **बैंक विवरण का पंजीकरण:**

कृपया अपने डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और अपने डीपी द्वारा सुझायी गई प्रक्रिया के अनुसार अपने डीमैट खाते में अपनी ईमेल आईडी और बैंक खाता विवरण दर्ज करें। भौतिक होल्डिंग की स्थिति में, कृपया कंपनी के आरटीए यानी लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें।

किसी संदेह या प्रश्न की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफ़एक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं या 022 - 4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं या evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं या फिर सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013 से ईमेल आईडी - evoting@nsdl.com के ज़रिए संपर्क कर सकते हैं।

**एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज़ लिमिटेड के लिए**

**पायल मित्तल छाबड़ा**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**

तारीख: 20 मार्च 2024
स्थान: गुरुग्राम